हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 29 मार्च 2025

04 जनपद पंचायत में संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह ...



07 शासन ने शहर के चार मैरिज गार्डनों को किया सील





## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने फिर दी आंदोलन की चेतावनी

**विदिशा।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने किसानों की जायज मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी है। कांग्रेस ने मांग की है कि ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च से बढ़ाकर 30 मई की जाए। वर्तमान समय में रबी की फसलें खेतों में खड़ी है और शेष फसलों की कटाई का काम चल रहा है। इसके बाद ही किसान मण्डियों में या सोसायटी में अपनी फसलों को बेचकर सहकारी समितियों के फसली ऋण को जमा करता है। ऐसी परिस्थिति में अंतिम तिथि 28 मार्च तक किसान फसली ऋण जमा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि यदि तारीख नहीं बढ़ाई गई तो कांग्रेस किसानों के साथ उग्र आंदोलन करेगी।

### एसएटीआई में पुरस्कार वितरण समारोह आज

**विदिशा।** एसएटीआई में आज शनिवार को सुबह 10 बजे स्टुडेंट्स पार्किंग एरिया में आर्ट, क्रॉफ्ट स्टॉल, गेम्स व फूड जोन बनाया जाएगा। दोपहर 12 बजे कैलाश सत्यार्थी हॉल में पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह होगा। पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं एमजेईएस के कोषाध्यक्ष इंजी. रमेश अग्रवाल मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमजेईएस के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर करेंगे।

### नियम विरुद्ध चल रहे वाहनों से चालान वसूला

**विदिशा।** परिवहन आयुक्त और कलेक्टर के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाया गया। आरटीओ अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया कि अशोकनगर रोड एवं करारिया चौराहे पर वाहनों की चेकिंग के दौरान 9 वाहनों पर कार्रवाई की गई। मौके पर 44 हजार 592 रुपए वसूल किए गए। 4 वाहनों को जब्त भी किया गया है। जिन्हे थाना करारिया में खड़ा कराया गया है। उन्होंने बताया कि नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### पुलिस ने हार्टफुलनेस ध्यान का अभ्यास किया

**विदिशा।** शुक्रवार को पुलिस लाइन के सामुदायिक भवन में हार्टफुलनेस ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस अवसर पर एसपी रोहित काशवानी, एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे, सीएसपी अतुल सिंह और रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में हार्टफुलनेस संस्थान के वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं ध्यान अभ्यासी भी मौजूद थे, जिन्होंने ध्यान के महत्व को समझाया और व्यावहारिक अभ्यास कराया।

### पारुल जैन को ब्रिटिश संसद में मिला सम्मान

**विदिशा।** विदिशा निवासी पारुल जैन सागर विश्वविद्यालय से फार्मेसी में मास्टर डिग्री धारक हैं। जिनको ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स में प्रतिष्ठित आईआईडब्ल्यू शी इंस्पायर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार सामुदायिक शिक्षा और मार्गदर्शन में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सांसद जॉय मोरिसी द्वारा प्रस्तुत किया गया। पारुल विदिशा के नीमताल स्थित वर्धमान मेडिकल के संचालक दीपक जैन के छोटे भाई श्रेयांस जैन की पत्नी हैं और पिछले 14 वर्षों से लंदन में रह रही हैं।

### युवक ने चंडीगढ़ में किया नाम रोशन

**विदिशा।** चंडीगढ़ में हो रही ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रोइंग चैंपियनशिप में भागीरथ कुशवाह ने मप्र टीम के साथ इवेंट (ओपन -4) 2000 मीटर ओर 500 मीटर में 2 ब्रॉन्ज मेडल हासिल कर विदिशा जिले का नाम रोशन किया। भागीरथ कुशवाह की अकादमी के कोच अर्जुन अवॉर्डी दलवीर सिंह राठौड़ ने प्रशिक्षण दिया। रोइंग गेम में यह उनका तीसरा मेडल है।

## नप के पास दो फायर ब्रिगेड एक पड़ी खराब

# पूर्व नप अध्यक्ष का खेत स्वाह, बिजली बिल जमा नहीं करने पर कंपनी ने काट दिया था नगर परिषद का कनेक्शन, नहीं भरा पाई फायर ब्रिगेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आगजनी के दौरान आग पर काबू पाने के लिए नगरपरिषदों में फायर ब्रिगेड उपलब्ध कराई गईं हैं। लाखों की यह फायर ब्रिगेड बिना पानी के खाली खोके के समान हैं।

क्षेत्र में आग बुझाने का काम करने वाली नगर परिषद की फायर बिग्रेड नगरपरिषद के पूर्व अध्यक्ष कृष्णकुमार माहेश्वरी के खेत में लगी आग बुझाने में ही काम न आ सकी। शमशाबाद के जटपुरा गांव का है। जहां पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कृष्ण कुमार माहेश्वरी, बसंत माहेश्वरी के गेहूं के खेत में लगे खंभे से निकली चिंगारी के कारण उनके 110 बीघा के गेहूं के खेत में आग लग गई। पूरा खेत जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने खेत में पंजे चलाकर आग को दूसरे खेतों में लगने से रोका। नहीं तो आसपास के कई खेत आग की चपेट में आ आते। इससे कई किसानों की मेहनत जलकर राख हो जाती।

**किसानों ने पेड़ों की डालियों से बुझाई आग**



### लापरवाही: रात में खाली खड़ी की फायर ब्रिगेड

स्थिति को और गंभीर बनाने वाली बात यह रही कि फायर ब्रिगेड समय पर मौके पर नहीं पहुंच सकी। जांच में पता चला कि शमशाबाद नगर परिषद का बिजली कनेक्शन कटा होने के कारण फायर ब्रिगेड में पानी ही नहीं था। आग लगने की सूचना मिलते ही तुरंत मदद पहुंचाई जा सके इसलिए फायर बिग्रेड को हमेशा भरकर रखा जाता है। ताकि जैसे ही सूचना मिले फोरन फायर बिग्रेड मदद के लिए रवान हो सके।

भीषण गर्मी में आगजनी की घटनाएं लगातार होती हैं। लेकिन यदि शमशाबाद क्षेत्र में आप तुरंत फायर बिग्रेड से सहायता चाहते हैं तो ऐसा संभव नहीं है क्योंकि पहले पानी की जुगाड़ करना होगी फिर फायर बिग्रेड पहुंच सकेगी। मिली जानकारी के अनुसार रात में भी आगजनी की घटना हुई थी। आग बुझाने के दौरान फायर बिग्रेड खाली हो गई और रात में खाली को लाकर खड़ा कर दिया गया।

## ट्रेन से युवक को फेकने वाले किन्नर पकड़ लाई गंजबासौदा पुलिस

# 50 स्टेशन के 600 सीसीटीवी खंगाले तब पकड़ में आए युवक को ट्रेन से फेकने वाले 4 किन्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा/ गंजबासौदा

विदिशा जिले की गंजबासौदा पुलिस ने 14 मार्च को चलती ट्रेन में पीट–पीटकर युवक की हत्या के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चारों आरोपी किन्नर हैं। इनमें दो आरोपियों को उत्तरप्रदेश के शामली और दो को हरियाणा के पानीपत से पकड़ा गया है। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने दिल्ली, भोपाल से रायपुर और हरियाणा तक 50 रेलवे स्टेशनों के 600 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाले।

पकड़े गए आरोपियों में बिलाल उर्फ बिल्लो (25), वाजिद अली उर्फ तानिया शेख (21), आरिस अंसारी उर्फ छोटी (20) और सौम्या उर्फ सावेज (21) शामिल हैं। अन्य आरोपी जोया उर्फ लल्ला फरार है। सभी आरोपी उत्तरप्रदेश के शामली जिले के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात कबूल कर ली है। 26 मार्च को पुलिस आरोपियों को गंजबासौदा लेकर पहुंची। यहां से पूछताछ के बाद 28 मार्च को कोर्ट में पेश किया, यहां से जेल भेज दिया गया। 14 मार्च को गंजबासौदा- पवई के बीच रेलवे ट्रैक पर झाड़ियों में आदर्श विश्वकर्मा (34) नाम के युवक की लाश मिली थी। वह विदिशा से भोपाल रोजाना अपडाउन करता था। वह भोपाल में मोबाइल दुकान पर काम करता था।



**गंजबासौदा।** आरोपी किन्नरों को गिरफ्तार करके लाती हुई गंजबासौदा पुलिस।

### पुलिस ने दिल्ली से हरियाणा तक खंगाल डाले सीसीटीवी

जांच के दौरान पुलिस ने दिल्ली से भोपाल, रायपुर हरियाणा तक 50 रेलवे स्टेशनों के 600 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। कई रेलवे वेंडर्स और कैटरिंग स्टाफ से भी पूछताछ भी की। 24 मार्च को सूचना के बाद पुलिस टीम उत्तरप्रदेश के शामली पहुंची। गंजबासौदा टीआई योगेंद्र सिंह परमार के मुताबिक यहां किन्नर मोहल्ले में पहुंचे। यहां से बिलाल उर्फ बिल्लू वाजिद अली उर्फ तानिया शेख को पकड़ा। दोनों गार्डन में बैठे हुए थे। इनकी निशानदेही पर पुलिस हरियाणा के पानी पानीपत पहुंची। यहां से आरिस अंसारी उर्फ छोटी (20) और सौम्या उर्फ सावेज (21) को पकड़ा गया। टीआई ने बताया कि चारों किन्नर बधाई लेकर जीवनयापन करते हैं।

### वीडियो सामने आने के बाद हत्या का केस दर्ज

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार युवक के सिर में चोट, पैरों में फ्रैक्चर और पसलियां टूटी हुई थीं। पुलिस ने मर्ग कायम किया। प्राथमिक तौर पर पुलिस इसे आत्महत्या और हादसे को लेकर जांच कर रही थी। करीब चार दिन बाद सोशल मीडिया पर चलती ट्रेन में मारपीट का वीडियो सामने आया। वीडियो में कुछ किन्नर ट्रेन में युवक की पटक कर पिटाई करते दिख रहे हैं। एक किन्नर युवक पर चढ़कर उसे लातें मारता है। वहीं, अन्य किन्नर तालियां बजाता हुआ लोगों को दूर करता है। इससे ट्रेन में मौजूद लोग भी दहशत में आ गए। इसके बाद युवक को ट्रेन से फेंक दिया। वीडियो के आधार पर पुलिस ने अज्ञात किन्नरों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई।

### एक–दूसरे पर पैर रखने पर ट्रेन में हुआ था विवाद

पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 14 मार्च को काम से बाड़ी बरेली गए थे। वहां से गोंडवाना एक्सप्रेस से लौट रहे थे। सभी लोग जनरल बोगी में बैठे थी। रात करीब 10:30 बजे भीड़ भी ज्यादा था। इसी दौरान युवक ने बोगी में निकलने के दौरान अपना पैर किन्नर पर रख दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। किन्नरों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी।

**विश्वकर्मा और किन्नर समाज ने दिया था ज्ञापन:** इस मामले को लेकर विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रेम नारायण विश्वकर्मा ने समाज के लोगों के साथ 22 मार्च को प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। इस दौरान निष्पक्ष जांच आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। किन्नर समाज के लोगों ने भी ज्ञापन दिया था।

# नहीं ली मान्यता, अब जिले के 71 निजी स्कूलों में डलेंगे ताले

## पुराना रिकार्ड शिक्षा विभाग में करना होगा जमा छात्रों को सरकारी स्कूलों में दिलाना होगा दाखिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

निजी स्कूलों को मान्यता प्राप्त करने के लिए जिला शिक्षा केंद्र द्वारा तीन बार अवसर देने के लिए बाद भी जिले के 71 निजी स्कूलों मान्यता नहीं ली। अब ऐसे स्कूलों में ताले डल जाएंगे। मान्यता न लेने वाले निजी स्कूल संचालकों को जिला शिक्षा केंद्र ने आदेश जारी किया है कि स्कूल का पूरा रिकार्ड शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में जिला शिक्षा केंद्र में जमा कराया जाए और यदि बिना मान्यता के बच्चों को प्रवेश दिया गया तो कार्रवाई की चेतावनी भी आदेश में दी गई है।

जिन निजी स्कूलों ने मान्यता नहीं ली है, उनमें विदिशा के 21 स्कूल शामिल हैं। वहीं सिरोंज के 5 स्कूल, नटेरन के 18 स्कूल, लटेरी के 10 स्कूल, कुरवाई के 4 स्कूल, ग्यारसपुर के 5 स्कूल, बासौदा के 8 स्कूल शामिल हैं। इन निजी स्कूलों बंद घोषित कर दिया गया है।

### दस्तावेज 15 अप्रैल तक जमा करने होंगे

सभी स्कूल संचालकों को 15 अप्रेल तक अपने संकुल केंद्र पर शाला रिकार्ड, प्रवेश पंजी, टीसी रजिस्टर, परीक्षा फल पत्रक आदि दस्तावेज बीईओ बीआरसी एवं संकुल प्राचार्य की उपस्थिति में जमा करना होगा। वहीं उनके स्कूल में दर्ज छात्रों को नजदीक के सरकारी स्कूल में प्रवेश दिलाना होगा। यदि बगैर मान्यता के स्कूल संचालित पाया जाता है तो आरटीई के नियमानुसार बिना मान्यता के ऐसे स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी।

### 31 मार्च को खत्म हो जाएगी मान्यता

- जिले के सभी निजी स्कूलों को मान्यता 31 मार्च 2025 को समाप्त हो रही है। इन सभी स्कूलों को 23 दिसंबर 2024 से 10 फरवरी 25 तक और विशेष शुल्क के साथ 14 फरवरी 2025 तक मान्यता नवीनीकरण के लिए आवेदन करने कहा गया था। लेकिन विदिशा जिले के 71 अशासकीय स्कूल संचालकों द्वारा नवीन मान्यता के लिए आवेदन नहीं किया। इनकी मान्यता 31 मार्च या इसके पूर्व समाप्त हो रही है। राज्य शिक्षा केंद्र ने मान्यता नरवीनीकरण आवेदन करने तीन बार अवसर प्रदान किए, लेकिन स्कूलों द्वारा नवीन मान्यता के आवेदन नहीं किए अब इन स्कूलों में ताले डल जाएंगे।

# रमजान के आखिरी जुमे को काली पट्टी बांधकर नमाज अदा करने पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रमजान के आखिरी जुमे की नमाज निकासा स्थित मस्जिद में काली पट्टी बांधकर अदा की गई। जामा मस्जिद के इमाम अब्दुल रकीब नकवी ने कहा कि मुस्लिम पर्सनल बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार सभी मुसलमानों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।



उन्होंने बताया कि सरकार जो वक्फ संशोधन बिल लेकर आई है, वह मुस्लिम समुदाय के हितों के खिलाफ है। इमाम नकवी के अनुसार, सरकार इस बिल को संसद में पेश कर चुकी है और जेपीसी में भेजकर जॉइंट पार्लियामेंट से दोबारा मंजूरी की कोशिश कर रही है। मुस्लिम नेताओं का कहना है कि इस बिल का मकसद मुसलमानों को उनकी मस्जिदों, ईदगाहों, मदरसों, दरगाहों और कब्रिस्तानों से वंचित करना है। इसलिए पूरे देश में मुस्लिम समाज इस बिल का विरोध कर रहा है।

## तपने लगी धरती



विदिशा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को विदिशा जिले का अधिकतम तापमान 34 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को गर्मी और तेज हो जाएगी और अधिकतम तापमान 36 डिग्री पर पहुंच जाएगा। वहीं न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने से तेज गर्मी का अहसास होगा।

### गर्मी का मौसम कब से कब तक रहता है?

मार्च और अप्रैल तक गर्मी की शुरुआत होती है। अप्रैल के पहले सप्ताह से लू चलने लगती है। मई और मध्य जून में गर्मी पीक पर होता है। जून के आखिरी सप्ताह से गर्मी कम होने लगती है।

# परीक्षा परिणाम: 5वीं 90.4%, 8वीं 87.58% दोनों कक्षाओं में लड़कों से आगे रहीं बेटियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राज्य शिक्षा केंद्र ने कक्षा पांचवीं और आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। बोर्ड आधारित इस परीक्षा में विदिशा जिले में कक्षा 5वीं में कुल 23 हजार 279 दर्ज छात्रों में से 21 हजार 778 छात्र परीक्षा में शामिल हुए। जिनमें से 19 हजार 608 छात्र उत्तीर्ण हुए। परीक्षा परिणाम 90.4% रहा है। इनमें से 2736 छात्र ए एवं ए प्लस ग्रेड से पास हुए। जिनका प्रतिशत 12.56% है।



वहीं कक्षा 8वीं के कुल 27 हजार 173 दर्ज छात्रों में से 24 हजार 827 छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें से 21 हजार 743 छात्र उत्तीर्ण हुए। जिनका प्रतिशत 87.58% रहा। उत्तीर्ण छात्रों में से 5675 छात्र ए एवं ए प्लस ग्रेड से पास हुए हैं। जिनका प्रतिशत 22.86% है।

### छात्राओं ने बाजी मारी

कक्षा 5वीं में उत्तीर्ण छात्राओं का प्रतिशत 92.20% एवं छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत 88.17% रहा है। कक्षा 8वीं में छात्राओं ने छात्रों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करते हुए छात्रों के 84.86% की तुलना में 90.41% सफलता प्राप्त की है। जिले में कुल 256 परीक्षा केन्द्रों पर 25 फरवरी से 5 मार्च तक बोर्ड पैटर्न पर परीक्षाओं का आयोजन किया गया था। मूल्यांकन का कार्य 17 मार्च तक किया गया। विदिशा विकासखंड की उत्तरप पुस्तिकाओं का मूल्यांकन डाइट स्तर पर किया गया। एक अप्रैल से नए शिक्षा सत्र की भी शुरूआत हो रही है।

## मुख्यमंत्री मोहन यादव का कार्यक्रम लाइव सुना व देखा गया

# जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने श्रमिकों को अनुग्रह सहायता स्वीकृति के प्रमाण पत्र वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शुक्रवार को मुख्यमंत्री द्वारा श्रमिकों को मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल अनुग्रह सहायता योजना के तहत सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि अंतरित की गई।

मुख्यमंत्री सभी जिले के हितग्राहियों से वीसी के माध्यम से जुड़े। विदिशा के कलेक्ट्रेट के एनआईसी वीसी रूम में भी मुख्यमंत्री मोहन यादव का कार्यक्रम लाइव सुना व देखा गया। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत की अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी एवं जिला पंचायत सीईओ सहित श्रम विभाग के अधिकारी और हितग्राही मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा प्रदेश के 23162 श्रमिकों को 505 करोड़ की राशि उनके खाते में अंतरित की गई। वहीं विदिशा जिले के 352 श्रमिकों को 7 करोड़ 92 लाख की राशि अंतरित की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने हितग्राहियों को संबल अनुग्रह स्वीकृति के प्रमाणपत्र वितरित किए एवं मुख्यमंत्री व पंचायत एवं श्रम मंत्री का धन्यवाद प्रेषित किया और श्रमिकों हितग्राहियों को उक्त राशि का सदुपयोग करने हेतु निवेदन किया।



**विदिशा।** हितग्राहियों को सहायता राशि के प्रमाण पत्र सौंपते हुए जिपं अध्यक्ष और जिपं सीईओ।

# 33 करोड़ का बजट सहित 38 बिंदुओं पर बैठक में हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

विधायक सूर्यप्रकाश मीणा की उपस्थिति में नगर परिषद की बैठक हुई। जिसमें वर्ष 2025- 26 के 33 करोड़ का बजट सहित नगर के विकास के मुद्दों पर 38 बिंदुओं पर चर्चा की गई।

नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने बताया कि नगर परिषद की बैठक 2025 -26 के बजट के साथ नगर विकास के 38 बिंदुओं पर चर्चा हुई है। जिनमें नगर कार्यालय के पास दुकानों का निर्माण कार्य। पुराने पीडब्लूडी भवन के पास शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण, नगर में हाई मास्क लाइट लगेगी। नगर के प्रमुख चौराहों पर निगरानी के लिए सीसी टीवी कैमरे लगाना है। वे सहारा लोगों को रेन बसेरा निर्माण होगा। महिलाओं को रोजगार से लघु उद्योग से जोड़ने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने बैठक में सभी पार्षदों से कहा कि नगर में पेयजल, सम्पत्ति, सफाई कर सहित अन्य कार्यों की वसूली के लिए टीम बनाकर सभी से समय पर राशि ली जाए। कोई भी पार्षद कर्मचारियों को वसूली रोकने फोन न लगाए और वसूली में सहयोग करें।



## खबर संक्षेप

### गुड़ी पड़वा पर निकलेगी ध्वज यात्रा

**गंज बासौदा।** गंज हनुमान मंदिर पर कृष्णचन्द्र शास्त्री ठाकुर के मुखारविंद से आगामी 11 से 17 मई तक आयोजित होने वाली भागवत कथा एवं भव्य श्री राम महायज्ञ के निमित्त गुड़ी पड़वा के मौके पर रविवार को ध्वज स्थापना यात्रा नौलखी मंदिर स्टेशन मिल रोड से सुबह 10 बजे प्रारम्भ होकर नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई गंज हनुमान मंदिर के कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी। जहां ध्वज पूजन कर स्थापित किया जायेगा। गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वर दास त्यागी ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उक्त ध्वज यात्रा में सम्मिलित होकर कार्यक्रम का धर्मलाभ लेने का आग्रह किया है।

### धूमधाम से मनाया जाएगा गुड़ी पड़वा पर्व

**गंजबासौदा।** बासौदा श्री हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में हिन्दू नव वर्ष गुडी पड़वा पर्व रविवार को शहनाई गार्डन इमली चौराहा पर सायं 6 बजे से बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसके उपलक्ष्य में क्षेत्र के 21 प्रसिद्ध भजनगायक कलाकारों के द्वारा शरद शर्मा, उप विजेता सारे गामा, राजेश नायक गड़ायला, संदीप तिवारी, लखन महाराज , तरुण महाराज , डॉ अमृता करुणेश्वरी, ब्रजराज अग्रवाल, मयंक भार्गव, शुभांशु झा, महेन्द्र राजपूत, महेन्द्र भार्गव, लीलाधर विश्वकर्मा, सूर्यप्रकाश श्रीवास्तव , पं. नरेश राज वैरागी, संजय शर्मा , कृष्ण कान्त नामदेव, नवीन व्यास , सीताराम विश्वकर्मा, प्राशी विश्वकर्मा आदि के द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। नगर के सभी सनातनी हिन्दू नववर्ष को बड़े ही धूमधाम से मनाएं इसमें सभी नागरिकों से सपरिवार, इष्टमित्रों कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

### ट्रक और बाइक में हुई भिड़ंत




**त्योंदा।** शुक्रवार को हाईवे 146 बूढ़ी बागरोद के पास ट्रक और बाइक में भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार एक महिला सहित दो लोग घायल हो गए। जिन्हे 108 एंबुलेंस पायलट अनु ठाकुर एवं एमटी दिनेश लोधी द्वारा त्योदा स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां पर डॉक्टर नीलेश गुर्जर द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद मरीजों की गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक सवार अशोक रजक एवं उनकी पत्नी सुनीता रजक सागर से भोपाल की ओर जा रहे थे एवं ट्रक भोपाल की ओर से आ रहा था। इसी दौरान ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे दंपत्ति के सिर में गंभीर चोट लगी हैं।

## संबल हितग्राहियों के खातों में 1 करोड़ 70 लाख रुपए का अंतरण

# जनपद पंचायत में संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





जनपद पंचायत में संबल योजना के अंतर्गत अनुग्रह सहायता वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राहियों को आर्थिक सहायता के स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। शासन निर्देशानुसार शुक्रवार को संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह सहायता राषि का अंतरण हितग्राहियों के खाते में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक के माध्यम से किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, जनपद उपाध्यक्ष गोविंद गुर्जर, सीमा अहिरवार, विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में जनपद सदस्यगण एवं हितग्राही मौजूद रहे। जिन्होंने हितग्राहियों को सहायता राशि के स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित इस योजना के महत्व को समझाते हुए कहा कि संबल योजना जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। जनपद सीईओ भगवान सिंह ने बताया कि जनपद पंचायत बासौदा अंतर्गत संबल योजना अंतर्गत 79 हितग्राहियों के खातों में 1 करोड़ 70 लाख रूपये की राशि का अंतरण शासन द्वारा किया जा रहा है। जिसमें अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत सामान्य मृत्यु के 73 प्रकरण एवं दुर्घटना मृत्यु के 6 प्रकरण शामिल हैं। जनपद पंचायत के अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को राहत प्रदान की जा रही है, जिससे वे अपने परिवार की जरूरतों को पूरा कर सकें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लाभार्थी, जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। लाभार्थियों ने सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहायता से उन्हें कठिन परिस्थितियों में संबल मिलेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण अंचलों से आए हितग्राही मौजूद थे।

## नवरात्रि से राम नवमी तक गूंजेगी राम नाम संकीर्तन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री राम रस धारा परिवार द्वारा गुड़ी पड़वा, नवरात्रि के मौके पर बेतवा के रिपटा घाट स्थित श्री हनुमान मंदिर में संगीतमय श्री राम नाम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। जो प्रतिदिन 30 से आरंभ होकर 6 अप्रैल रामनवमी तक चलेगा। श्री सीताराम नाम संकीर्तन पीठ के संस्थापक पं.अंकुर माधव महाराज ने बताया कि नगर में निरंतर दो साल से वर्तमान में पांच घण्टे श्रीराम नाम संकीर्तन प्रतिदिन किया जा रहा है। कीर्तन के दौरान श्रीस्वयं प्रकटेश्वर श्रीकीर्तननाथ महादेव के द्वारा एक भाव प्रकट किया गया, कि इस वर्ष साधना एवं उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि में माँ वेत्रवती रिपटा विश्राम घाट पर प्रतिदिन श्रीरामनाम संकीर्तन किया जाए। इसी भाव से प्रेरित होकर नववर्ष एवं नवरात्रि के प्रथम दिवस गुड़ी पड़वा से श्रीराम नवमी तक श्री सीताराम नाम संकीर्तन करने का संकल्प लिया है जो प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 8:30 बजे तक किया जाएगा। श्रीराम रसधारा परिवार ने नगर के सभी भगवत प्रेमियों से श्री राम नाम संकीर्तन में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।


## सांसद प्रतिनिधि ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गत दिवस सावरकर चौक से सिरोंज चौराहा तक डाले गए डामर के बाद शुक्रवार को सिरोंज चौराहे से लोहामिल रोड पर भी राजेंद्र नगर तक डामरीकरण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त निर्माण कार्य का सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित ठेकेदार को दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान वार्ड पार्षद सहित अन्य वार्डवासी मौजूद थे।

### भागवत कथा समस्त कष्टों को हरने वाली है : पं. एलिया



**गंजबासौदा।** रजोदा न्यायालय परिसर रोड स्थित वार्ड नंबर 21 पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर कथा वाचक आचार्य पंडित विकास आनंद एलिया ने कहा कि भागवत कथा समस्त कष्टों को हरने वाली है, दुखों को हरने वाली है। इसके श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक आध्यात्मिक विकास होता है। मन में सही और गलत को समझने की क्षमता बढ़ती है, भागवत कथा कल्पवृक्ष के समान है। इससे श्रवण से सभी मनोकामनाओं की पूर्ति की जा सकती है, कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। भागवत कथा सुनने से शरीर और मन के संताप मिट जाते हैं। तनाव हट जाता है और सुख शांति मिलती है, भागवत कथा सुनने से जीवन में निराशा और नकारात्मकता के भाव नहीं आते हैं। सकारात्मकता और उत्साह का संचार होता है जोकि सफलता के लिए जरूरी है। रोग-शोक, पारिवारिक अशांति दूर करने, आर्थिक समृद्धि तथा खुशहाली के लिए इसका आयोजन किया जाता है। परिवार के साथ बैठकर इसे सुनने से सभी का कल्याण होता है। भागवत पुराण को मुक्ति ग्रंथ कहा गया है, इसलिए अपने पितरों की शांति के लिए इसे हर किसी को आयोजित कराना चाहिए। इससे सभी तरह के ग्रह दोष, मंगल दोष, पितृदोष, शनि दोष, राहु दोष और अन्य किसी भी प्रकार का दोष हो तो वह समाप्त हो जाता है। कथा में सरीना राजेश राय माथुर, नरेंद्र यादव, कोक सिंह दांगी, चैन सिंह राजपूत, दशरथ दांगी, विशाल, मनीष पवार, समस्त भक्तगण मौजूद रहे।

### पेंशनर्स वेलफेयर संगठन की बैठक में सर्वोच्च न्यायालय से मांग

**गंजबासौदा।** ऑल प्रगतिशील पेंशनर्स वेलफेयर संगठन मध्य प्रदेश के प्रांतीय महामंत्री जगदीप सिंह राजपूत द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि संगठन के मध्य प्रदेश के अध्यक्ष सुधीर दुबे द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पेंशनर्स उपस्थित होकर राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन द्वारा देश के महानायक वीर योद्धा चित्तौड़गढ़ रियासत के राजा राणा संग्राम सिंह के ऊपर जो एक टिप्पणी की गई उस पर सभी सदस्यों ने रामजीलाल की हल्की मानसिकता एवं चरित्र की निंदा की तथा देश के सर्वोच्च न्यायालय से आग्रह किया गया कि ऐसे अनाड़ी एवं अज्ञानी लोगों को राज्यसभा एवं लोकसभा में नहीं जाना चाहिए। इनको कड़ी से कड़ी सजा मिलना चाहिए, जो देश के लिए गड्ढा खोद रहे हैं। देश के महानायक महाराणा कुंभा, महाराणा संग्राम सिंह, महाराणा प्रतापचंद, बीबी हसन का मेवाती, पृथ्वीराज चौहान, वीर शिवाजी जैसे लोगों की निंदा करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिलना चाहिए। संगठन के सुधीर दुबे, जगदीप सिंह राजपूत, अब्दुल वहाब सिद्दीकी, गोविंद श्रीवास्तव, कैलाश नामदेव, राजकुमार पाराशर, जिनेंद्र जैन, सतनाम सिंह राजपूत आदि लोग उपस्थित थे।

### नपा ने कराई वाटर वर्क्स फिल्टर प्लांट की सफाई



**गंजबासौदा।** नगर पालिका परिषद द्वारा विगत दिनों वाटर वर्क्स फिल्टर प्लांट पर स्थित बड़े कुआं की सफाई कार्य के बाद अन्य टेंकों की साफ़-सफाई का कार्य किया गया। जिसके चलते नगर में विगत दो दिनों तक शाम के समय नगर में जल सप्लाई कार्य बंद रही। ज्ञात हो कि नगर पालिका द्वारा वाटर वर्क्स फिल्टर प्लांट की समय-समय पर सफाई एवं रंगाई पुताई करवाई जाती है। जिससे की नगरवासियों को शुद्ध पेयजल मिलता रहे।

## गौरैया बचाओ अभियान चलाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गौरैया बचाओ अभियान चलाया गया। जिसका उद्देश्य गौरैया की घटती आबादी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय में स्वयंसेवकों द्वारा घर से एक एक सकोरे बनाकर लाए गए एवं परिसर की वाटिका में सकोरे लगाए गए। जिसमें सभी स्वयंसेवकों द्वारा दाना पानी की व्यवस्था की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर मणिमोहन मेहता के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता एवं वनस्पति विभाग की प्राध्यापक डॉ. सरिता घेंघट सहित स्टाफ उपस्थित रहा, कार्यक्रम का नेतृत्व सृष्टि तिवारी द्वारा किया गया। वरिष्ठ स्वयंसेवक अंजलि झा, सचिन, रोशन, पुष्पेंद्र, सौरभ, रवि, सुरेंद्रए भाग्यश्री, साक्षी, वैशाली, नीलम, स्नेहा, उर्वशी, नेहा आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री का जन्मदिन मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ के सदस्यों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जन्मदिन मिष्ठान वितरण कर मनाया गया। किया शहर वाचनालय पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने संबोधित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश में गौवंश के लिए सुरक्षित चरनोई भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराकर के एक नया इतिहास रचा है। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद चंद्रप्रकाश अग्रवाल, डॉ. अशोक रोहिले, फुटकर अनाज व्यापारी संघ के अध्यक्ष नरेंद्र जैन, विजय अरोरा सुनील शर्मा, ठाकुर गोपाल सिंह, दौलत सिंह बाबा, मनोज जैन,टीपू सोलंकी कैलाश नेमा, कैलाश नामदेव आदि उपस्थित थे।

## नवांकुर का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

एमपी बोर्ड की कक्षा 5 वीं तथा 8वी परीक्षा के परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। इस परीक्षा में नवांकुर के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहा। कक्षा 5 में विद्यालय के सम्मिलित कुल 198 विद्यार्थियों में 192 विद्यार्थी उत्कृष्ट अंक हासिल करके उतीर्ण हुए। उतीर्ण विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 96.96% रहा। उत्तीर्ण विद्यार्थियों में 3 विद्यार्थी ए प्लस ग्रेड, 66 विद्यार्थी ए ग्रेड, 59 विद्यार्थी बी प्लस ग्रेड, 55 विद्यार्थी बी ग्रेड, 8 विद्यार्थी सी प्लस ग्रेड तथा एक विद्यार्थी ने सी ग्रेड में परीक्षा उत्तीर्ण की। कक्षा 5 में काव्य लोधी ने कुल 349 अंक 87.25% अंक प्राप्त कर प्रथम, आराध्या विश्वकर्मा 346 अंक 86.50% द्वितीय, विंध्या कोरी 345 अंक 86.25% तृतीय, कुशाग्र राजौरिया 343 अंक 85.75% चतुर्थ और अनुलाषा नेमा 342 अंक 85.50% अंक प्राप्त कर विद्यालय में पांचवा स्थान हासिल किया। कक्षा कक्षा 8 में सम्मिलित कुल 109 विद्यार्थियों में से 107 विद्यार्थी उतीर्ण हुए, उतीर्ण विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 98.16% रहा। जिनमें 7 विद्यार्थी ए प्लस ग्रेड़,36 विद्यार्थी ए ग्रेड, 37 विद्यार्थी बी प्लस ग्रेड, 26 विद्यार्थी बी ग्रेड और एक विद्यार्थी ने सी प्लस में में परीक्षा उत्तीर्ण की। उत्तीर्ण विद्यार्थियों में विवेक दुबे पुत्र सतेन्द्र दुबे 543, 90.5% अंक प्रथम, वेदिका जैन पुत्री राजेंद्र कुमार जैन 529, 88.17% अंक द्वितीय, रौनक रघुवंशी पुत्री जितेंद्र रघुवंशी 528, 88% अंक तृतीय, मीनाक्षी शिवहरे पुत्री रामगोपाल शिवहरे 527अंक, 87.83%अंक चतुर्थ, ऋषिका दांगी पुत्री साहब सिंह दांगी 526 अंक,87.67% पंचम स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की कामयाबी में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन का महत्वपूर्ण योगदान है। विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित और समस्त नवांकुर विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र छात्राओं उनके अभिभावक गणों को बधाई और शुभकामनाऐं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सैंट एसआरएस स्कूल के 28 छात्र करेंगे भ्रमण

# विज्ञान मंथन यात्रा के लिए सर्वाधिक विद्यार्थी चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रदेश शासन की एमपी काउंसलिंग ऑफ साइंस टैक्नालॉजी विज्ञान भवन भोपाल द्वारा कोरोना काल के बाद कक्षा नौ से बारहवीं के छात्रों के लिए विज्ञान के प्रति जागरूकता को बढावा देने के लिए विज्ञान मंथन यात्रा शुरू की जा रही है। जिसमें पूरे प्रदेश से विज्ञान में रुचि रखने वाले छात्रों को चयनित किया जाता है। इस वर्ष विज्ञान मंथन यात्रा के लिए विदिशा जिले से चयनित कुल 35 छात्रों में से सेंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल से सर्वाधिक 28 छात्रों एवं विज्ञान शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल का चयन किया गया है।

विज्ञान मंथन यात्रा के लिए चुने गए छात्र, छात्राओं का विद्यालय परिवार द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर अभिनंदन किया गया। विज्ञान मंथन यात्रा के लिए चयनित शिक्षिका प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि एमपी काउंसलिंग ऑफ साइंस टेक्नालॉजी विज्ञान भवन भोपाल द्वारा कोरोना काल के बाद पुनः स्कूल शिक्षा के छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाने, वैज्ञानिक संस्थानों का भ्रमण कराने, वर्तमान में हो रहे वैज्ञानिक शोध एवं आधुनिक तकनीक से अवगत कराने के लिए देश के चंडीगढ़ और दिल्ली की ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक संस्थानों की यात्रा कराई जाएगी। यह यात्रा 21 से 27 अप्रेल तक संचालित होगी। विज्ञान मंथन यात्रा के लिए प्रदेश भर से कुल 375 बच्चों का चयन किया गया है। यात्रा पश्चात विज्ञान यात्रा आधारित टेस्ट होगा, जिसमें से 60 चयनित छात्र-छात्राओं को विज्ञान छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। संस्था प्राचार्य उमेशचंद्र यादव ने बताया कि सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकण्डरी स्कूल के 28 बच्चों का इस यात्रा के लिए चयन हुआ है। जिसमें कक्षा दसवीं से 15, कक्षा 11 से 6 एवं कक्षा 12 से 7 छात्र-छात्राएं चयनित हुए हैं। खास बात यह है कि विदिशा जिले से कुल 35 छात्रों का चयन हुआ है, जिसमें से 28 छात्र-छात्राएं सैण्ट एसआरएस स्कूल से हैं। संस्था के चार बच्चे प्रतीक्षा सूची में भी रखे गये हैं। संस्था में सभी चयनित छात्र, छात्राओं का तिलक रोरी और पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया गया। संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, प्रबंधक सुधा यादव, उप प्राचार्य रजनी गुप्ता, विज्ञान शिक्षिका डॉ. कमला चतुर्वेदी, डॉ. विजय जैन, डॉ. अमर सिंह ठाकुर, सोनू राय, अनुज गुप्ता, कृष्णपाल सिंह चौहान, सुपार्श जैन, हेमलता शर्मा, दीपेश मीणा सहित सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं ने सभी चयनित छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं।

### बागरोद चौराहा पर किया मंत्री का स्वागत



**त्योंदा।** भोपाल से खुरई जा रहे भाजपा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं भाजपा सागर जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, खुरई के पूर्व विधायक अरूणोदय चौबे का बागरोद चौराहा पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जिसमें ग्राम पंचायत गोडखेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि अनु घोषी, किशन मीणा, शुभम घोषी, बंटी घोषी, दीपक मीणा सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

## होगा ईद सह, होली मिलन, नववर्ष स्नेह सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जमातुल विदा अलविदा जुमा के बाद मुस्लिम राष्ट्रीय मंच की बैठक का आयोजन राष्ट्रीय सह संयोजक सैयद शफाकत हुसैन कादरी की अध्यक्षता में कादरी साहब वाली गली जवाहर रोड पर किया गया। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की जानकारी व मंच पदाधिकारीगण कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुऐ कादरी ने बताया रमजानुल मुबारक का पवित्र मास अपने आखिरी असरे में चल रहा है। इस पूरे मास मंच कार्यकर्ताओं ने गौ दूध और खजूर से रोजा इफ्तार कर गौ वंश रक्षा सेवा संवर्धन का नया पाठ सबको सिखाया। यह परंपरा भारत को गौ हत्या मुक्त भारत बनाने मील का पत्थर साबित होगी।

दूसरी तरफ डा. इंद्रेश कुमार वरिष्ठ प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दिशा निर्देश पर इमदाद फंड से पूरे राष्ट्र मे गरीबो की मदद नवीन वस्त्र वितरण राशन किट भेंट का जो कार्यक्रम इस पवित्र मास से शुरू किया है, उसको साल भर सभी धर्म जाति वर्ग पंथ के पर्व त्यौहार पर चलाते रहने की योजना है। जिससे भारत की राष्ट्रीय एकता अखंडता मजबूत होगी। इसी क्रम में मंच ईद सह होली मिलन व नववर्ष स्नेह सम्मेलन आयोजित करेगा। इसके अंतर्गत नवरात्र के अवसर पर कन्या भोज, गरीब कन्याओं को वस्त्र, कापी किताबें व उनकी फीस जमा करने की पहल की जाएगी, चाहे वे किसी भी धर्म जाति वर्ग पंथ समुदाय की हो। सैयद शोएब हुसैन ने बताया होली, ईद मिलन नववर्ष स्नेह सम्मेलन समारोह, आपसी सौहार्द और भाईचारे का आयोजन है। समारोह में सभी धर्म के लोग एक साथ आते हैं और एकता का संदेश देते हैं। इन मिलन समारोह में प्रेम भाइचारे के सामाजिक गीत, कविताएं, शेर शायरी प्रस्तुत किए जाते हैं। मिलन समारोह के आयोजन का मकसद सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना, समाज के सभी तबके और समुदाय को आपस में जोड़ना सभी धर्म के लोगों को एक-दूसरे के त्योहारों को मिलजुल कर मनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर अनेक मंच कार्यकर्ता मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### आयशा खान ने किया स्कूल का नाम रोशन, 97 प्रतिशत अंक किए प्राप्त

**सिरोंज।** संस्कार ग्रीन वेली स्कूल की छात्रा एंव वरिष्ठ पत्रकार वसीम अख्तर की बिटिया आयशा खान ने कक्षा एलकेजी में 97.6 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में उच्च स्थान हासिल किया है। वही आयशा खान की इस उपलब्धि पर परिवारजनो ने आयशा को बधाई दी और उज्वल भविष्य की कामना की है। तो वही स्कूल संचालक निजाम खान,प्रिंसिपल दीप्ती तिवारी,क्लास टीचर सना खान,हरीश आदि ने आयशा को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

### शिवराज रघुवंशी बने भाजपा पथरिया मंडल महामंत्री, किया स्वागत

**सिरोंज।** भारतीय जनता पार्टी कि कुरवाई विधानसभा अंतर्गत सभी मंडलों की कार्यकारिणी भाजपा के जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने जारी कर दी है। जिसके तहत क्षेत्र के पथरिया मंडल से शिवराज रघुवंशी को महामंत्री बनाया गया है। उनके महामंत्री बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका हार, पुष्प मालाओं एवं मिठाई खिलाकर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि भगत सिंह रघुवंशी,दीपक कुमार,राकेश सिंह,नरेंद्र,मोहित रघुवंशी,शिवम एवं दीपेश शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वही मंडल महामंत्री बनने पर शिवराज सिंह रघुवंशी का कहना है कि यह भारतीय जनता पार्टी ही है। जिसमें हर कर्मठ कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का मौका मिलता है, मेरे जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता को भाजपा के जिला अध्यक्ष दांगी, कुरवाई विधायक सप्रे एवं मंडल अध्यक्ष रघुवंशी ने बड़ी जिम्मेदारी दी है, जिसे मैं ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा।

### बैठक में फिर हंगामा, दलित पार्षद नपा अध्यक्ष के समक्ष हुए दंड बध

# शहरवासियों को जल कर 75 की जगह अब देना पड़ेगा 100 रुपए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर पालिका परिषद की शुक्रवार को आयोजित परिषद की बैठक में एक बार फिर हंगामा देखने को मिला। वार्ड क्रमांक 16 के भाजपा पार्षद अंजनी तोषमणी पंथी ने परिषद की बैठक में जमकर हंगामा किया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव चार बार के पार्षद,दलित नेता तोषमणी पंथी ने बैठक में अपनी बात को रखने के लिए नपा अध्यक्ष के सामने दण्डबध हुए और अपनी बात रखी। तो वही इस बैठक में शहरवासियो के लिए जलकर मंहगा हो गया। पहले उपभोक्ता को अपने घर के नल का 75 रूपये महीना नगर पालिका का देना पडता था। लेकिन अब इसको बडाकर 100 रूपये कर दिया गया है। जिसको लेकर भाजपा पार्षद तोषमणी पंथी ने जलकर राशि बडाने का विरोध करते हुए कहा कि जल की जो राशि नपा द्वारा ली जा रही है। उतनी ही राशि आम नागरिको से ली जाए। इस राशि को बिल्कुल भी न बडाया जाए। क्योकि नगर पालिका शहरवासियो को पानी तो समय पर दे नही पा रही। इतने पर ही राशि बडाना कहा का उचित है।

### आखिर भाजपा दलित नेता ने बैठक में क्यों किया हंगामा?

*भाजपा से चार बार के पार्षद दलित नेता तोषमणी पंथी हमेशा अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर संघर्षरत रहें है। साथ ही उनकी छवि संघर्षशील नेता के रूप में देखी जाती है। हाल ही में एक दिन पूर्व उनके अपने वार्ड में सड़क निर्माण कार्य चल रहा था। उक्त निर्माण कार्य को लेकर वार्डवासी व स्वंय श्री पंथी संतुष्ट नही थें। जिस कारण वार्डवासियो पार्षद की कर्मचारियो से बहस बाजी हुई। तो वही भाजपा नेता निर्माण कार्य के दौरान ही धरने पर बैठ गए। वही उन्होने कहा कि जो लेवर वहा काम कर रही थी। उन लोगो ने मेरे ऊपर हमला करने का प्रयास किया। शुक्रवार को नगर पालिका परिषद की जैसे ही बैठक प्रारंभ हुई तो श्री पंथी अपनी पत्नि के साथ बैठक में पहुचें और उन्होने अपने वार्ड में चल रहे घटिया निर्माण कार्य की पूरी दासदान बताई।*

### परिषद की बैठक में हुए 41 प्रस्ताव पारित

नगर पालिका परिषद की बैठक में प्रस्तावित बजट 2025-26 में प्रधानमंत्री आवास योजना मिशन 2024 के अंतर्गत 60 करोड़ की राशि स्वीकृति हेतु प्रस्तावित बजट में प्रावधान किया गया। नपा द्वारा नगर के विकास कार्य व आम नागरिको की मूलभूत सुविधाओं के लिए शासन निर्देश अनुसार पंच वर्षीय कार्य योजना 2021 से 2025 तक तैयार की गई। तो वही बैठक में स्ट्रीट लाईट,जल आपूर्ति,अमृत 2.0 अंतर्गत जल प्रदाय का विस्तार,हाकॅर्स जोन निर्माण,ट्रांसपोर्ट नगर,नवीन सब्जी बाजार,तालाब विकास सौदर्यकरण,पार्को का निर्माण,संधारण एंव सौदर्यकरण, केथन नदी का जीर्णोद्वार वाटर बॉडी,निकाय क्षेत्रांर्गत विभिन्न स्थानो पर वृक्षारोण,स्वच्छता भारत मिशन सहित 41 प्रस्ताव पारित किए गए।

### नोटिस के बाद कार्रवाई

# शासन ने शहर के चार मैरिज गार्डनों को कर दिया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर पालिका परिषद द्वारा नगरीय क्षेत्र स्थित समस्त विवाह स्थल,मेरिज गार्डनों को समय समय पर सूचना पत्र जारी कर अनुमति हेतु सूचित किया गया था। परंतु समस्त मैरिज गार्डन एवं विवाह स्थल मालिकों द्वारा सम्पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत नही किए गए। दस्तावेज प्रस्तुत नही होने पर तहसीलदार संजय चौरसिया के मार्गदर्शन में 27,28 मार्च को नगर में स्थित मैरिज गार्डनो की जांच की गई। जिसमें सुहाग गार्डन,श्यामवाटिका गार्डन,अनंतश्री गार्डन,मंगल भवन गार्डन को सील किया गया। साथ ही इन गार्डन संचालको को चेतावनी दी गई कि वह अपने गार्डन सम्बंधी सम्पूर्ण दस्तावेज तैयार कर कार्यालय में उपस्थित होकर विधिवत अनुमति प्राप्त कर गार्डन संचालन की कार्यवाही करें। जिससे कि नियमानुसार गार्डन संचालित करने की अनुमति प्रदान की जा सके। इस मौके पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू,स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मैना,राजस्व प्रभारी बालमुकुंद कुशवाह सहित अतिक्रमण अमला उपस्थित रहा।

# किसानों के हितों को देखते हुए व्यापारियों ने मंडी को खुली रखने का लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्यप्रदेश की समस्त कृषि उपज मण्डी आज बंद रही। लेकिन किसानो के हितो को देखते हुए सिरोंज में मण्डी व्यापारियो ने मण्डी खोलने का निर्णय लिया और मण्डी सचिव को मण्डी खुली रखने की बात कही। इस अवसर पर अनाज तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष समीर भार्गव ने कहा कि मंडी में भारी आवक को देखते हुए थोक अनाज तिलहन व्यापार संघ ने मार्च में प्रस्तावित छुट्टियों में संशोधन करते हुए 28 मार्च को मंडी खोलने का निर्णय लिया। साथ ही 29 से 1अप्रैल तक मंडी की छुट्टी रखने का पत्र मंडी सचिव को दिया। वही उन्होने कहा कि किसान और सिरोंज हित में व्यापार संघ द्वारा प्रतिदिन ज़्यादा नीलामी करके पुरी नीलामी निपटा रहे है। साथ ही किसान भाइयो की 80 प्रतिशत टॉली बढ़े काटे से तुलाई



जा रही है। एक और कांटा लगने के बाद 100 प्रतिशत तुलाई बड़े कांटे से कराई जाएगी। इस दौरान मण्डी व्यापारी राजेश मित्तल,राजेश जैन,प्रियांक जैन,पप्पू साहू,मनीष जैन,लोकेश जैन,प्रेमचंद जैन,रामु राठौर, रामकिशन साहू विवेक जैन,शेलू जैन आदि मौजूद रहे।

# जामा मस्जिद में सैकड़ों लोगों ने अदा की अलविदा जुमे की नमाज, इमाम साहब ने अमन शांति के लिए कराई दुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शुक्रवार को रमज़ान के महीने का आखिरी जुमा रहा। जिसको अलविदा जुमा कहा जाता है अलविदा के दिन जुमे की नमाज मे मस्जिदों मे काफी भीड़ देखने को मिली गांव, शहर सब जगह मस्जिदों मे अलविदा जुमे की नमाज पढ़ने के लिए सुबह से ही लोग आ गए थे सभी लोग जुमे की नमाज से पहले मस्जिद मे आ कर अपनी अपनी नफ़ल नमाजे पढ़ने मे व्यस्त रहे उसके बाद जुमे की नमाज पड़कर ही बाहर आए।

जामा मस्जिद में जुमे की नमाज से पहले मौलवी जाहिद अली नदवी ने बयान करते हुए लोगों को इंसानियत के रास्ते पर चलने की बात कही। उन्होंने कहा जैसे हम लोग रमजान मे बुरे



कामों से बचते है अच्छी बाते करते है नमाज पाबंदी से पढ़ते है किसी का बुरा करने का नहीं सोचते है इसी तरह हमे रमजान के बाद भी अच्छा इंसान बनकर जिंदगी गुजारना है जैसे हमारे नबी मोहम्मद साहब ने जिंदगी गुजारने का तरीका हमे बताया है उनके रास्ते पर चलकर हमारी जिंदगी कामयाब बनेगी। मौलवी जाहिद अली नदवी ने जकात और फितरे पर बयान करते हुए बताया कि जिस इंसान पर ज़कात फ़र्ज़ है। उसे जल्द से जल्द ज़कात अदा करना चाहिए और ईद की नमाज़ से पहले सदका ए फितर अदा करना चाहिए जो घर के हर इंसान की तरफ से अदा किया जाता है। जामा मस्जिद मे अलविदा के जुमे की नमाज हाफ़ज़ि मुईन उद्दीन ने पढ़ाई उसके बाद दुनिया मे अमन,शांति,भाईचारे की दुआ कराई जिस पर उपस्थित नमाजियों ने आमीन कहा। तो वही ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के प्रदेश सचिव डॉक्टर वसीम ने बताया कि हर गरीब इंसान को भी ईद का त्यौहार मनाना है। गरीब भी अपनी ईद अच्छे से मना सके।

# नर्मदा के टोंगा में बाराही माता मंदिर भगदेई का कामाख्या देवी मठ भक्त आस्था का केंद्र

### जामगढ़, भगदेई, बापौली में विराजे भोलेनाथ, पहाडी पर तिल गणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

विन्ध्यांचल पर्वत श्रेणियां और पूर्व में माँ नर्मदा की कल-कल करती अविरल सदानीरा मां नर्मदा के आंचल में उपजाऊ भूमि, घने जंगलो से परिपूर्ण नर्मदा क्षेत्र प्राचीन समय से शिव और शक्ति की साधना पतस्या स्थल रहा है। विन्ध्यांचल पर्वत की श्रेणियो में अनेक प्राचीन ऐतिहासिक शिव और शक्ति के स्थान नर्मदा क्षेत्र के पुरा वैभव के आज भी श्रद्धा पूजन के स्थान बने हुए है।

जामगढ़, भगदेई, बापौली धाम, टोंगा वाली बाराही माता का मंदिर, पहाडी पर तिल गणेश, छींद में सिद्ध हनुमान दद्दा का मंदिर नगर की हनुमान गढ़ी, नर्मदा तट मांगरोल के मंदिर आश्रम सदियो से धार्मिक श्रद्धालुओं के आस्था, श्रद्धा तपस्या साधना के स्थान बने हुए है।

बापौली धाम प्राचीन सिद्ध विशेष शिवलिंग के लिए ख्याति





प्राप्त है। जहॉ वर्षो ब्रम्हलीन पू. गुरूजी ने साधना तपस्या की। अब गत 14 वर्षो से जम्मू वाले लाल बाबा सूर्योदय से सूर्यास्त तक मौन धारण कर साधना कर रहे है।

बापौली के समीप ही उंची पहाडी पर विघ्नहर्ता तिल गणेश विराजे है। मान्यता है कि प्रतिवर्ष तिल बराबर प्रतिमा बढ़ती है। 2-3 कि.मी. दूर प्राचीन ऐतिहासिक ग्राम जामगढ़ और भगदेई प्राकृतिक तालाबो, मंदिरो जामवंत की गुफा, पत्थरो पर पद चिन्ह, उंची पहाडी पर विराजे भोलेनाथ भगदेई में कामाख्या देवी के मठ और खजुराहो शैली के शिव मंदिर के लिए प्रसिद्ध बना हुआ है। नवरात्रि में तांत्रिको द्वारा माँ कामाख्या देवी की विशेष साधना की जाती है। जामवंत की गुफा के कारण जामगढ़ और भगदेई के मंदिर के कारण ग्राम का नाम भगदेई पडा।

तहसील के ग्राम टोंगा के पास अति प्राचीन बाराही माता, क्षेत्र के हजारो परिवारो की कुलदेवी के रूप में पूजा की जाती है।

### प्रिंसटन कॉलेज में लगेगा तीन दिवसीय रोजगार मेला

**बरेली।** नगर में उच्च शिक्षा के श्रेष्ठ प्रायवेट संस्थान प्रिंसटन कॉलेज में प्रतिवर्ष युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है। कॉलेज प्रांगण में एक से तीन अप्रैल तक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एमबीए के छात्रो को प्रशिक्षण दिए जाने के साथ कंपनियो द्वारा केंपस प्लेसमेंट, शिक्षित युवाओं को ज्वाइनिंग लेटर प्रदान किए जाएगे। तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान शिक्षाविदो द्वारा छात्रों के साथ अपने अनुभव सांझा करते हुए मार्ग दर्शन दिया जाएगा।

**युवाओ की बेरोजगारी कम करने का प्रयास:** प्रिंसटन कॉलेज के संस्थापक संचालन महेन्द्र सिंह ठाकुर ने पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि संस्थान द्वारा उच्च शिक्षा प्रदान किए जाने के साथ क्षेत्र के युवा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने का भी प्रमुखता से प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा से रोजगार और समाज हित के कार्यो में युवा सक्रियता पूर्वक भूमिका निभाये इसका प्रयास किया जा रहा है।

# आबकारी विभाग की कार्रवाई में शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

आबकारी विभाग के द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के दौरान तीन अलग-अलग स्थानों जिनमें एक ढाबा और दो रहवासी मकान में छापामार कार्रवाई के दौरान अवैध शराब बरामद की है।

27 मार्च को आबकारी उपनिरीक्षक राजेश विश्वकर्मा एवं टीम द्वारा ग्राम कोटपार महंत में आरोपी जितेंद्र पिता हनुमंत सिंह राजपूत के मकान से 11 पाव देशी जब्त कर गिरफ्तार किया। इसी के साथ ग्राम अलीगंज स्थित अन्नपूर्णा ढाबा से 16 देसी क्वार्टर के साथ आरोपी पुरषोत्तम उर्फ परशु पिता काशीराम केवट को गिरफ्तार किया। ग्राम बाग पिपरिया में आरोपी रामकिशन पिता सुम्मा अहिरवार के मकान से 20 पाव देशी के साथ गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

जप्त मदिरा का बाजार मूल्य 4370/-आंकलित किया गया है। आवकारी उप निरीक्षक विश्वकर्मा ने बताया कि अवैध मदिरा और मादक पदार्थो के विक्रय के वियद्ध इसी प्रकार कार्यवाही जारी रहेगी।

### आज से चार दिन कृषि उपज मंडी रहेगी बंद

**बरेली।** आज 29 मार्च शनिवार से 1 अप्रैल तक नर्मदा क्षेत्र की सबसे बडी कृषि उपज मंडी में आनाज का कारोबार बंद रहेगा। मंडी सचिव श्रीमति रितु गढवाल ने चर्चा के दौरान बताया कि शनिवार से सोमवार तक तीन दिन अवकाश और एक अप्रैल को मार्च क्लोजिंग के कारण मंडी में अनाज का कारोबार बंद रहेगा। किसानों से 2 अप्रैल से कृषि उपज मंडी खुलने और अपनी उपज मंडी में लाने का आग्रह किया है।

**सार्वजनिक सूचना**

यह कि मेरे पक्षकार ने ग्राम गोलना तहसील शमशाबाद जिला विदिशा के आ.क्र. 172/1 रकवा 1.719 है जो इकबाल खां पुत्र काले खां मेबाती निवासी ग्राम करमेढी तहसील शमशाबाद के नाम से दर्ज है। एवं आ.क्र.-175/1 रकवा 1.880 है। जो स्टेट हाइवे से लगा है इकबाल व अनबर खां पुत्रगण काले खां जाति मेबाती निवासीगण ग्राम करमेढी के नाम दर्ज है एवं ग्राम गोलना के आ. क्र. 174/2 रकबा 0.888 हे. भूमि अनबर खां, मोसम खां, रिजबान खां, यहषान खां पुत्रगण काले खां व अनबरी बी, सरीना बी, फरीना बी, पुत्रिया काले खां व इकबाल खां पुत्र काले खां जाति मेबाती निवासी ग्राम करमेढी तह. शमशाबाद जिला विदिशा के नाम से दर्ज है उक्त भूमि को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकारा द्वारा करा लिया गया है एवं अनुबंध राशि भी दे दी है। शेष राशि देकर शीघ्रता में उपर बर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार को कराना है यदि किसी के, शासकीय, अशासकीय बैंक, सोसायटी, कोई संगठन या कोई प्रायवेट फार्म या कोई प्रायबेट आदमी को उक्त भूमि क्रय करने में आपत्ति हो तो वह नोटिस जारी के 7 दिबस में मेरे कार्यालय में मय कागजात अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। म्याद गुजरने के बाद मेरा पक्षकार उपर बर्णित भूमि का विक्रय पत्र संपादित कराने स्वतंत्र रहेगा।

भवदीय
काशीराम जाट (एडबोकेट)
नटेरन जिला - विदिशा म.प्र.

**न्यायालय नायब तहसीलदार, ग्रामीण वृत्त खामखेडा तहसील विदिशा (म.प्र.)**

प्रकरण क्रमांक 02/अ-20(2)/2024-25

// उदघोषणा //

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पालन सेवा फाउंडेशन द्वारा कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन पत्र पेश कर ग्राम उदलाखेडी तहसील विदिशा स्थित भूमि सर्वे नं. 47 रकवा 4.851 मे से 1.460 हे. भूमि पूर्त संस्था के तहत पालन सेवा फाउडेशन को आंवटित किये जाने का निवेदन किया गया है। उक्त आधार पर प्रकरण इस न्यायालय में गतिशील है। उक्त आवंटन प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इश्तहार जारी होने की दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अर्थात दिनांक 11.04.2025 के पूर्व या उक्त दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधी पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर व पदमुद्रा से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
ग्रामीण तह. विदिशा

### नपं ने आयोजित किया स्वच्छता की बात अपनों के साथ कार्यक्रम

# पूजा पब्लिक हासे की छात्राओं ने प्रस्तुत किया नाटक चित्र प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नपं. द्वारा नाहर कालौनी स्थित कम्यूनिटी हाल में स्वच्छता की बात अपनो के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता कर्मी महिला, पुरूषों, जन प्रतिनिधियों का नपं. के युवा अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी द्वारा प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया।

नगर के पूजा पब्लिक हा.से. स्कूल की छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान पर आधारित प्रेरणादायी नाटक एवं चित्रो की प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई। हमेशा स्वच्छता अभियान में सहयोगी बनने वाली पूजा पब्लिक स्कूल की छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर नपं. अध्यक्ष हेमन्त चौधरी, प्राचार्य श्रीमती नीता धाकड़ ने छात्राओं का सम्मान किया।

### स्वच्छता हम सभी की जिम्मेदारी

कार्यक्रम की शुरूआत में नपं. सीएमओ द्वारा स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के संबंध में विस्तार से चर्चा की। वरिष्ठ





पत्रकार एवं नपं. के स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर वरिष्ठ पत्रकार एवं नपं. के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेश बिदुआ ने जीवन, पर्यावरण, और बीमारियों की रोकथाम के लिए देश के प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छता अभियान प्रारंभ करने। घरो-घर शौचालयो का निर्माण कर गांवो को गंदगी से मुक्त कराये जाने की प्रसंशा की। कहा कि नगर, घर, सडक़ो, नालियों को स्वच्छ बनाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। हम सभी जब मिल कर प्रयास करेंगे तो नगर प्रदेश में नहीं तो जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर सकता है। स्वच्छता अभियान में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका की चर्चा है। इसी के साथ नगर की गंदगी और गंदा पानी घोघरा, बारना नदी के माध्यम से सीधे 9 कि.मी. दूर नर्मदा मैया में मिल जाने का मुद्दा उठाते हुए ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### जागरुकता जरूरी

इस अवसर पर नपं. के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी ने कहा कि सभी सफाई मित्र नगर की स्वच्छता के लिए सक्रिय है। दो सौ लोगो का नपं. का परिवार है। नपं. के स्वच्छता कर्मियों द्वारा और सक्रियता से स्वच्छता के लिए जागरूकता अभियान चलाने का आग्रह किया। नगर स्वच्छ सुंदर रहे यह हम सभी की जिम्मेदारी और प्रयास करना जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन भरत शर्मा ने किया। विधायक प्रतिनिधी राजेश साहू ने विचार व्यक्त किए, पार्षदों प्रतिनिधियों के साथ स्वच्छताकर्मी महिला, पुरूषों की उपस्थिति रही। अंत में सभी के सामूहिक भोजन की व्यवस्था नपं. की ओर से किए जाने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

स्कूल की छात्राओं, कार्यक्रम में उपस्थित सफाई कर्मियों, नपं. के कर्मचारियों एवं अतिथियो पार्षदों द्वारा नगर को साफ सुंदर, स्वच्छ बनाने के प्रयास की शपथ ली गई।

**कार्यालय तहसीलदार तहसील लटेरी जिला विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक/क्यू/री./25/3005 // विज्ञप्ति // लटेरी, दिनांक 26.03.2025

एदत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला विदिशा द्वारा आवेदन पेश कर ग्रामीण क्षेत्र उपस्वाथ्य केन्द्र भवन का निर्माण हेतु भूमि का चयन किया जाकर आवंटन की मांग की गई हैं। जो निम्नानुसार

| क्रमांक | ग्राम का नाम | न्यायालीन प्रकरण क्रमांक | भूमि सर्वे नंबर | रकबा | आवंटित हेतु रकबा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुरवास | 0014/अ-20(3)/2024-25 | 552 | 1.265 | 0.06 |
| 2 | मुरारिया | 0016/अ-20(3)/2024-25 | 568 | 9.990 | 0.06 |
| 3 | सुनखेर | 0017/अ-20(3)/2024-25 | 397 | 0.378 | 0.06 |

उपरोक्त भूमि में किसी व्यक्ति या पक्षकार को आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 07 दिवस में इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। म्याद पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जावेंगा।

तहसीलदार, तहसील - लटेरी

**कार्यालय नायब तहसीलदार मण्डल 1 आनंदपुर तहसील लटेरी जिला विदिशा**

क्रं-297/क्यू/प्रवाचक/2025 // विज्ञप्ति // लटेरी, दिनांक 26-3-25

1. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला विदिशा म.प्र. बनाम 1. म.प्र. शासन , 2. सर्व साधारण

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जता है कि मुख्य चिकित्सा, एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला विदिशा द्वारा आवेदन पेश कर ग्रामीण क्षेत्र उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण हेतु ग्रामों में भूमि का चयन किया जाकर आवंटन की मांग की गई है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र | प्रकरण क्रमांक | ग्राम का नाम | भूमि सर्वे नंबर | रकबा | आवंटित हेतु रकबा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 0013/अ-20(3)/2024-25 | चमरउमरिया | 31 | 0.822 हे. | 0.06 हे. |
| 2 | 0014/अ-20(3)/2024-25 | महोटी | 161/1 | 0.190 हे. | 0.06 हे. |
| 3 | 0012/अ-20(3)/2024-25 | औखलीखेडा | 295 | 1.265 हे. | 0.06 हे. |

उपरोक्त भूमि के आवंटन में किसी व्यक्ति या पक्षकार को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इश्तहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में नियत आगामी दिनांक (कम से कम 07 दिवस) के पूर्व अथवा उक्त दिनांक को अपनी आपत्ति ऑनलाईन अथवा लिखित रूप से स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण अग्रिम प्रक्रम पर किया जावेगा।

तहसीलदार, तहसील - लटेरी

## मुस्लिम समुदाय में बिल को लेकर आक्रोश, शहर काजी ने अमन व शांति बनाए रखने की 'अपील'

# वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टी बांधकर पढ़ी नमाज, जताया विरोध, बेगमगंज के दो गुटों में हिंसक झड़प, तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



बक्फ बोर्ड बिल के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम लॉ की अपील पर जिलेभर में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शुक्रवार को रमजान के आखिरी जुमा की नमाज पढ़ काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। वहीं रायसेन शहर में भी लगभग 10 मस्जिदों में नमाज अदा की गई। शहर काजी जहीरूद्दीन सहित मुस्लिम समाज के लोगों ने शांति पूर्ण तरीके से हाथ में काली पट्टी बांध कर सरकार के बिल का विरोध किया। वहीं बेगमगंज में मुस्लिम समुदाय के दो गुटों में नमाज के दौरान काली पट्टी बांधने को लेकर कहासुनी हो गई, जिसमें 3 लोगों को गंभीर चोटें आई है।

शहर काजी जहीरूद्दीन ने जिले में अमन और शांति बनाए रखने की अपील की है।



## सिलवानी: वक्फ बोर्ड बिल का विरोध, बताया मुस्लिम विरोधी

**सिलवानी।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वान पर रमजान के आखिरी जुमे को देश में प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन हुआ। सिलवानी में भी नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की। मुस्लिम समुदाय ने कहा कि सरकार जो वक्फ संशोधन बिल लेकर आई है वह मुस्लिम समुदाय के हितों के खिलाफ है। इससे पहले दिल्ली में भी वक्फ बिल के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन हुआ था। मुस्लिम समुदाय का आरोप है कि यह बिल एक साजिश है। सरकार इस बिल को संसद में पेश कर चुकी है और जेपीसी में भेजकर जॉइंट पार्लियामेंट से दोबारा मंजूरी की कोशिश कर रही है। इस बिल का मकसद मुसलमानों को उनकी मस्जिदों, ईदगाहों, मदरसों, दरगाहों और कब्रिस्तानों से वंचित करना है। इसलिए पूरे देश में मुस्लिम समाज इस बिल का विरोध कर रहा है।

## काली पट्टी बांधने पर मस्जिद में भिड़े दो गुट

बेगमगंज

अलविदा जुमे पर नगर की मकबरा मस्जिद में नमाज के दौरान वक्फ बिल के विरोध में काली पट्टी बांधने की बात को लेकर मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष एवं एक युवक के बीच हुआ वाद विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। जिसमें चाकू, छुरी चलने से 3 लोग घायल हो गए, जिसमें से एक को गंभीर स्थिति में जिला अस्पताल भेजा।

एसआई राजकुमार सिंह चौधरी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर करीब 1 बजे जौहर की नमाज के समय मकबरा मस्जिद में नमाज पढ़ने आए मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष शकील अहमद का युवक सैयद सावेश अली से काली पट्टी बांधने को लेकर इस बात पर विवाद हो गया कि उसने



मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष से पूंछकर पट्टी क्यों नहीं बांधी, तब मस्जिद में नमाज पढ़ने आए शकील अहमद एवं उसके दो भाई लईक पठान एवं नवेद पठान का दूसरे गुट से विवाद बढ़ने पर उन्होंने चाकू-छुरी से दूसरे गुट पर हमला कर दिया। हमले में सैयद नवेद अली, सैयद अहद अली, सैयद शारिक अली एवं सावेश अली घायल हो गए। इस बीच एक अन्य व्यक्ति साऊद पठान के हाथ में भी चाकू लगने से चोट आई। चारों घायलों में सैयद नवेद अली को गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। जबकि दो अन्य घायलों में अहद अली एवं सारिक अली को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना प्रभारी राजीव उइके ने बताया कि फरियादी सैयद सावेश अली पिता सैयद शौकत अली की रिपोर्ट पर आरोपित शकील अहमद पठान, लईक पठान एवं नवेद पठान के विरुद्ध धारा 296, 115 (2), 118 (1), 351 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्जकर तीनों को हिरासत में ले लिया है।

## 77 करोड़ 82 लाख की आय और 77 करोड़ 77 लाख के व्यय का बजट पेश

# नपा ने पेश किया 5 लाख फायदे का बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को नगर पालिका रायसेन ने नए वित्त वर्ष के लिए तैयार किए गए बजट की रूपरेखा बैठक में रखी। नगर के विभिन्न वार्डों के पार्षदों की उपस्थिति में बजट में शामिल किए गए लगभग सभी प्रावधानों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। एक-दो प्रस्तावों के अलावा कहीं विरोध जैसी बात नजर नहीं आई। नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन की उपस्थिति में रखे गए बजट में एक साल में 5 लाख रुपए बचत का लक्ष्य रखा गया। साल भर में विभिन्न मदों में 77 करोड़ 82 लाख 16 हजार रुपए की अनुमानित आय तथा 77 करोड़ 77 लाख 16 हजार का अनुमानित व्यय रखा गया।

बजट में संपत्तिकर, समेकित कर, शिक्षा उपकर, जल कर आदि से नपा की आय बढ़ाना तय किया है। साथ ही दो नए प्रदर्शन कर तथा टॉवर अनुमति कर लागू करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा बीते साल जहां लीज का बकाया किराया शून्य था उसे नए सत्र में 10 लाख रुपए वसूली तय किया है। इसी तरह नपा की दुकानों से प्रीमियम के रूप में मिलने वाली राशि को बीते साल की 07 लाख 19 हजार से बढ़ाकर नए वित्त वर्ष में 50 लाख रुपए करने का लक्ष्य रखा है। इसके अलावा बाजार बैठकी, दुकान/गुमठी का बकाया किराया, सामुदायिक भवनों से किराए के रूप में भी बड़ी वसूली करने का लक्ष्य रखा गया है।



### सालभर खर्च होने वाली राशि का बनाया खाका

*नगर पालिका ने अपने बजट में सालभर में होने वाले खर्चों के लिए अनुमानित राशि भी तय की है। जिसमें अधिकारी/कर्मचारियों के वेतन पर 3 करोड़ 50 लाख, स्थाई कर्मी कर्मचारी पर दो करोड़, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों पर एक करोड़ रुपए खर्च का अनुमान लगाया है। इसके अलावा लाभ और भत्ते, प्रशासनिक खर्च, स्टेशनरी, संप्रेशण, यात्रा, वाहन, कार्यक्रमों का आयोजन आदि के खर्च भी तय किए हैं। प्रमुख खर्चों में शहर में होने वाले विकास कार्य, जल प्रबंधन, बिजली, सफाई, पेयजल आपूर्ति, अधोसंरचना विकास जैसे बड़े खर्चों पर होने वाले खर्च के आंकड़े तय किए हैं।*

### अनुदान और अंशदान से बड़ी उम्मीदें

बजट में विभिन्न अनुदान और योजनाओं के लिए शासन से मिलने वाले अंशदान का सबसे बड़ा हिस्सा दिखाई दे रहा है। समेकित अनुदान, एसडीआरएफ, स्लाटर हाउस निर्माण, पेयजल अनुदान, सीएम विवाह योजना, राष्ट्रवीर प्रतिमा स्थापना, मध्यान्ह भोजन, स्वच्छ भारत, सब्जी/मछली बाजार निर्माण, पीएम आवास, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पेयजल परिवहन, शिक्षा मिशन जैसी योजनाओं के लिए राशि मिलने का अनुमान लगाया गया है। इसमें सबसे बड़ा योगदान अमृत मिशन योजना 2.0 तथा पीएम आवास योजना का रहने वाला है, जो 14 और 15 करोड़ का है। मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास, स्वच्छ भारत मिशन, विकास कार्यों के लिए विशेष निधि, सांसद तथा विधायक निधि, मूलभूत सुविधा, राज्य वित्त आयोग, मूलभूत सुविधा जैसे कार्यों के लिए शासन से मिलने वाली राशि का अनुमानित लक्ष्य रखा गया है।

### किए हैं प्रावधान

शहर के विकास और नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नए वित्त वर्ष 2025-26 का बजट तैयार किया है। हर वर्ग, हर क्षेत्र के विकास का संकल्प लेकर प्रावधान किए हैं। आय और व्यय के अनुसार 5 लाख की बचत का बजट है। पार्षदों ने बजट को एकमत होकर स्वीकृति दी है।

**- सविता सेन,** अध्यक्ष नपा रायसेन।

### वापस बुलाया जाएगा

बजट के लगभग सभी प्रावधान सर्वसम्मति से पारित किए गए। शहर के विकास और सुविधाओं को ध्यान में रखा गया है। हमने नपा के 12 कर्मचारियों का मुद्दा उठाया है, जो सीएमओ की ढील के चलते अधिकारियों के यहां अर्दली कर रहे हैं। उक्त कर्मचारियों को वापस बुलाया जाएगा।

**- प्रभात चावला,** नेता प्रतिपक्ष।

### 12 कर्मी अफसरों की अर्दली में क्यों?

नगर पालिका के 12 कर्मचारी विभिन्न अधिकारियों के यहां कई सालों से अर्दली कर रहे हैं। बजट बैठक के दौरान कांग्रेस पार्षद और नेता प्रतिपक्ष प्रभात चावला ने इसका मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि एक ओर नपा के पास कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे नहीं रहते, दूसरी ओर नपा के 12 कर्मचारी अधिकारियों की अर्दली कर रहे हैं। कहीं कोई वाहन चला रहा है, कहीं सफाई कर रहा है। इस पर नपाध्यक्ष ने उक्त कर्मचारियों को वापस बुलाने और उनके पद के अनुसार कार्य सौंपने का भरोसा दिलाया।



### अध्यक्ष सहित पार्षद पहुंचे बिजली विभाग, लगाई गुहार, तब हुई स्ट्रीट लाइट चालू

*एक सप्ताह बाद अंततः रायसेन शहर स्ट्रीट लाइट से रोशन हो गया। बिजली कंपनी के साढ़े 3 करोड़ के कर्ज से दबी नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष, सीएमओ सहित पक्ष, विपक्ष के पार्षद शुक्रवार को बिजली कंपनी के अधिकारी के पास पहुंचे। जनप्रतिनिधियों ने शहर में अंधेरा होने और त्यौहार सिर पर होने का हवाला देकर डीई पराग धवड़े से बिजली चालू करने की गुहार लगाई। सीएमओ ने कंपनी को हर माह 5 लाख रुपए जमा करने तथा संचालनालय से एक मुश्त राशि जमा करने के लिए पत्र लिखने का भरोसा दिलाया। इसके बाद डीई ने अपने अधिकारियों से बात करने की बात कही। रात होते ही शहर की स्ट्रीट लाइट जल गई, जिससे लोगों ने खुशी जाहिर की।*

## परीक्षा परिणाम से खुश शिक्षा विभाग

# पांचवीं में 95 तो आठवीं में 92 प्रतिशत विद्यार्थी हुए उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा पांचवीं और आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया। जो रायसेन जिले के बेहतर रहा है। कक्षा पांचवीं के 94.85 प्रतिशत तथा आठवीं के 92.14 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। परीक्षा परिणाम देखकर विभाग के अधिकारी खुश हैं। पांचवीं में सबसे अच्छा परीक्षा परिणाम 97.84 प्रतिशत उदयपुरा विकासखंड का रहा है, जबकि सबसे कम 90.94 प्रतिशत सांची विकासखंड का रहा है। इसी तरह कक्षा आठवीं में भी उदयपुरा विकासखंड ने बाजी मारी जिसका परिणाम 94.75 प्रतिशत रहा। इस कक्षा में भीसांची विकासखंड अन्य की तुलना में कमजोर रहा है, जिसका परीक्षा परिणाम 89.28 प्रतिशत रहा है।

### कक्षा आठवीं का ये रहा परीक्षा परिणाम

| विकासखंड | परीक्षार्थी | उत्तीर्ण | एए+ | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| बाड़ी | 4072 | 3776 | 1160 | 92.73 |
| बेगमगंज | 2757 | 2535 | 766 | 91.95 |
| गैरतगंज | 2154 | 2016 | 542 | 93.59 |
| औगंज | 5005 | 4601 | 1571 | 91.93 |
| सांची | 3684 | 3289 | 764 | 92.03 |
| सिलवानी | 3086 | 2840 | 764 | 92.03 |
| उदयपुरा | 2627 | 2489 | 937 | 94.75 |
| कुल | 23385 | 21546 | 6455 | 92.14 |

### कक्षा पांचवीं का ये रहा परीक्षा परिणाम

| विकासखंड | परीक्षार्थी | उत्तीर्ण | एए+ | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| बाड़ी | 3549 | 3361 | 873 | 94.70 |
| बेगमगंज | 2367 | 2279 | 363 | 96.19 |
| गैरतगंज | 1917 | 1844 | 366 | 96.19 |
| औगंज | 4718 | 4414 | 1020 | 93.56 |
| सांची | 3357 | 3053 | 425 | 90.94 |
| सिलवानी | 2745 | 2680 | 392 | 97.63 |
| उदयपुरा | 2034 | 1990 | 476 | 97.84 |
| कुल | 20687 | 19621 | 3915 | 94.85 |

## नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गठित समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, एसपी पंकज पांडे, जिपं सीईओ अंजू भदौरिया, डीएफओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जिले को नशामुक्त बनाने की जा रहीं गतिविधियों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में नागरिकों को जागरूक करने विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाए। विद्यालयों तथा महाविद्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशीले पदार्थो का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करें।

उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिए कि संयुक्त दल बनाकर मेडिकल दुकानों की जांच की जाए। इसी प्रकार जिले में स्थित केमिकल या दवाईयां बनाने वाले औद्योगिक संस्थाओं की नियमित जांच की जाए।

## विदिशा की घटनाओं को लेकर विश्वकर्मा समाज ने सौपा ज्ञापन

**बेगमगंज।** विश्वकर्मा समाज के नागरिकों ने मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन बेगमगंज एसडीएम को सौपा है। ज्ञापन मैं उल्लेख किया है कि विदिशा जिले में 13 मार्च को गंजबासौदा रहने वाले एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला था। उसके साथ ट्रेन में किन्नरों ने मारपीट की थी। इस मारपीट करने का एक वीडियो वायरल हुआ था। वीडियो में दिख रहे युवक का नाम आदर्श विश्वकर्मा है। पिटाई के बाद युवक की ट्रेन से गिरने से मौत भी हुई। अब इस मामले में विश्वकर्मा समाज ने किन्नरों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उस पर मारपीट कर ट्रेन से फेंकने के आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

गुरुवार को पीपल्स कॉलेज ऑफ मेडिसिन साइंस एवं रिसर्च सेंटर भोपाल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर शास कन्या माध्यमिक शाला दीवानगंज में लगाया। जिसमें दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, बरजोरपुर, नरखेड़ा, सरार सहित आसपास के गांव के ग्रामीणों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई गई।

शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, खून की कमी, चक्कर आना,खांसी, जुकाम, कमजोरी, बुखार यदि के मरीज ज्यादा संख्या में पहुंचे। सभी मरीजों की जांच कर डॉक्टर द्वारा उचित दवाई वितरित की गई।



शिविर सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ जो दोपहर 2 बजे तक चलता रहा। शिविर में आए हुए डॉक्टर ने बताया कि जिस तरह से पर्यावरण और वातावरण प्रदूषित होते जा रहे हैं, लोगों में बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इनसे बचने के लिए सभी लोगों को हर छह महीने में अपने शरीर की नियमित सभी जांचें करानी चाहिए।

## न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत श्रमिकों के लियें न्यूनतम वेतन दरें लागू करने दिया ज्ञापन

**सिलवानी।** नगर परिषद के सफाई कामगारो ने मुख्य नगर पलिका अधिकारी ऋषिकांत यादव को एक ज्ञापन सौंप कर न्यूनतम वेतन दरें लागू करने की मांग की है। ज्ञापन में श्रमायुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश शासन इंदौर की अधिसूचना का हवाला देते हुए उल्लेख किया हैं कि श्रमायुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश शासन इंदौर की संदर्भित अधिसूचना द्वारा पूर्व में जारी अधिसूचना 30 सितंबर 2024 को अधिकमित करते हुए न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत राज्य के श्रमिकों के लियें दिनांक 01 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 की अवधि हेतु न्यूनतम वेतन की दरें प्रभावशील की गयी है।

# व्यापारियों के आह्वान पर बाजार बंद ज्ञापन देकर रखी चार सूत्रीय मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

शुक्रवार को अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर नगर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा तथा हड़ताल पर बैठे रहे। मेडिकल, दूध, सब्जी की दुकानें छोड़कर पूरा बाजार बंद रहा।

व्यापारी संघ पिछले 2 सालों से प्रशासन को अवगत करा रहा है कि हमारे व्यापार ठप्प हो गए हैं यदि स्थिति नहीं सुधारी तो व्यापारियों को यहां से पलायन करने की स्थिति निर्मित होगी। फोरलेन सड़क निर्माण होने के कारण वाहन नगर में प्रवेश नहीं कर पा रहे है, जिससे व्यापार पर भारी असर पड़ा है। कृषि उप मंडी की स्वीकृति के बावजूद बीते 10 वर्षों से प्रशासन मंडी के लिए जगह उपलब्ध नहीं करा पा रहा हैं।

नगर के व्यापारियों द्वारा 4 सूत्रीय मांगों में मुख्य रूप से मुख्य मार्ग को नगर से जोड़ा जाए, ताकि बसों का आवागमन शुरू हो सके वहीं मंडी के लिए तत्काल जमीन दी जाए नगर शासकीय कालेज भी स्वीकृत है उसके लिए भी जमीन दी जाए वही नागिन मोड़ से रोड़ को तत्काल जोड़ा जाए।



### प्रशासन ने दिया आश्वासन, जल्द पूरी होंगीं मांगें

*एसडीएम संतोष मुद्गल ने व्यापारियों से चर्चा की जिसमें बस सेवा तत्काल शुरू की जाएगी नगर परिषद द्वारा 15 दिनों में हिंगलाज चौराहे पर शुलभ शौचालय का निर्माण कार्य शुरू होगा, मंडी एवं कॉलेज के लिए भी जल्द ही भूमि आवंटित कर दी जाएगी इन सब बातों पर व्यापारी संघ ने अपनी हड़ताल वापिस ली।*

## 60 दिन में सिर्फ दो से तीन सिंचाई में ही तैयार हो जाती है मूंग

# किसानों के लिए वरदान साबित हो रही मूंग की फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

किसानों के लिए मूंग की फसल वरदान साबित हो रही है तीसरी फसल के रुप में किसान खेतो में मूंग की फसल की बोवनी करते है, जिससे किसानों को ना केवल लाभ हो रहा है। बल्कि मूंग की फसल के विक्रय करने से प्राप्त राशि से किसान धान की फसल की तैयारी कर लेते है। प्रति वर्ष तहसील में मूंग की फसल की बोवनी किए जाने का रकबा लगातार बढ़ रहा है।

60 दिन में तैयार होकर बाजार में आनी बाली मूंग की फसल की बोवनी किए जाने को लेकर क्षेत्र के किसान उत्साहित है। रबी सीजन की फसलों की कटाई के बाद खेतों में काली मिट्टी ही चमकती नजर आती है, लेकिन किसानों ने इस बार तीसरी फसल के रूप में मूंग की बोवनी बहुतायत में की है। जिसके कारण खेतों में हरियाली भी दिखाई दे रही है। हालाकि जलस्त्रोतों में पानी की उपलब्धता कम होने के कारण किसानो को तीसरी फसल लेने में भारी मशक्कत करना पड़ रही है।



मुआर गांव के उन्नतशील किसान राजकुमार रघुवंशी ने बताया कि एक एकड़ में 15 से 20 किलों मूंग की बोवनी होती है औसत एवरेज एक एकड़ में 5 से 6 क्विंटल तक आ जाता है। जबकि लागत एक एकड़ में 10 से 15 हजार तक आती है। यदि कोई किसान एक क्विंटल मूंग की बोवनी करता है तो उसका एवरेज 25 से 26 क्विंटल तक आता हैं।

### 2 से 3 पानी देना पड़ता है

60 दिन में तैयार होने वाली मूंग की फसल की में 2 से 3 बार सिचाई करना पडती है। किन किसानो के पास पर्याप्त पानी की व्यवस्था है वह समय पर सिंचाई कर लेते, लेकिन अनेक किसान पानी उपलब्ध न होने पर सिंचाई नही कर पाते हैं, किसान बताते है कि जब सिंचाई तथा अन्य कृषि कार्य के लिए बिजली की जरुरत होती है उस समय बिजली नियमित नही मिल पाती है,बिजली ना मिलने से उपज भी प्रभावित होती है। हालांकि बिजली किंपनी के द्वारा बिजली की निर्बाध सप्लाई के लिएअनेक जतन किए जा रहे हैं। लेकिन तेज हवा के चलते लाईनो में फाल्ट आने के कारण बिजली सप्लाई में बाधा उत्पन्न हो जाती है।

### बाजार में मिलते हैं अच्छे रेट

कमोवेश 60 दिन में तैयार होकर बाजार में विक्रय के लिए आने वाली मूंग के रेट भी अच्छे खासे मिल जाते है। फुटकर गल्ला व्यापारी तथा कृषि उपज मंडी में मूंग के रेट 6 से 7 हजार रुपए के बीच मिल जाते है। मूंग की क्वालिटी के मान से भी व्यापारी रेट तय करते है। कुल मिला कर मूंग की फसल किसानो के लिए वरदान मानी जा रही है।